कार्यालय नगर निगम, मेरठ

पत्रांकः– 73 /स्वा0वि0–न0नि0मे0/2026 दिनांकः– 25/2/26

अनापत्ति प्रमाण–पत्र

प्रधानाचार्य,
दिल्ली पब्लिक स्कूल
बागपत रोड मेरठ।

आपके द्वारा दिनांक 16.09.2025 में आपके स्कूल **दिल्ली पब्लिक स्कूल** का स्वास्थ्य सम्बन्धी निरीक्षण करने व अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी करने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में पत्र प्राप्त हुआ है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि स्वास्थ्य सम्बन्धी अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी करने हेतु क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक द्वारा आपके स्कूल का निरीक्षण कर आख्या अग्रसारित की गयी है। आख्या के आधार पर **दिल्ली पब्लिक स्कूल** में सभी मूलभूत आवश्यकताएं **जैसे**– स्कूल मे सभी कक्ष स्वच्छ एवं हवादार, स्कूल के अन्दर सफाई, शौचालय व यूरीनल की सफाई सन्तोषजनक तथा स्वच्छता हेतु कर्मचारी पर्याप्त मात्रा में एवं पीने के पानी हेतु वॉटर कूलर की उचित व्यवस्था है।

आपको यह अनापत्ति प्रमाण–पत्र इस शर्त के साथ निर्गत किया जा रहा है कि आपके **(दिल्ली पब्लिक स्कूल)** द्वारा प्रतिदिन उत्सर्जित होने वाले अपशिष्ट का निस्तारण ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियमावली 2016 के अनुसार करना होगा तथा आप स्कूल में उक्त सभी व्यवस्थायें भविष्य में भी बनाये रखेंगे। नियमों का अनुपालन न करने की स्थिति में अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

अतः यह अनापत्ति प्रमाण–पत्र वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मान्य है। स्वास्थ्य एव जलवायु की दृष्टि से कोई आपत्ति नहीं है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, मेरठ।